सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 66 | इंदौर, गुरुवार 18 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## दिखा पीएम मोदी का अलग अंदाज

## प्रदर्शनी में बच्चे को देखा तो गोद में उठाया, खिलौना देकर बरसाया दुलार





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना 75वां जन्मदिन मध्य प्रदेश के धार जिले के एक छोटे से गांव में मनाया। अनेक सौगातें दीं। लोगों से मन की बात की, पर इन सबके के बीच उनकी एक तस्वीर चर्चा में आ गई।

बता दें कि पीएम मोदी ने धार में पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करने पहुंचे थे। 17 सितंबर को उनका जन्मदिन भी है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मौके पर प्रदर्शित धार के पीएम मित्र पार्क का मॉडल देखा और उसकी खूबियों को जाना। साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने शिविर में मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर उपचार संबंधी जानकारी भी ली।

### जब बच्चे को गोद में उठाया

मंच के पीछे बने स्टॉल पर पहुंचकर पीएम मोदी निरीक्षण कर रहे थे, तभी उनकी नजर एक नन्हे बच्चे पर पड़ी। प्रदर्शनी स्टॉल पर खड़ी पूजा नामक महिला का ये बच्चा था। पीएम मोदी ने बच्चे को गोद में उठा लिया। कुछ देर उसे दुलार किया। पीएम ने स्टॉल से लेकर पहले शीशा तो बाद में खिलौना लेकर बच्चे के साथ मनोरंजन किया। इस दौरान बच्चा भी खुश नजर आ रहा था।

### माताओं से की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहे, तो पूरा घर ठीक रहता है। मां बीमार हो जाए, तो पूरे परिवार की व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। इसीलिए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान माताओं बहनों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित है। इस अभियान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बीपी, शुगर, कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। माताओं-बहनों ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मुझ पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। पीएम मोदी ने माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी संकोच के इन स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। इन सभी शिविरों में महंगी से महंगी जांच मुफ्त होगी और दवाइयां भी मुफ्त मिलेंगी। उन्होंने कहा कि नारियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच बड़े काम आएगा। यह अभियान 2 अक्टूबर विजय दशमी तक निरंतर चलेगा। माताएं-बहनें थोड़ा समय अपने स्वास्थ्य के लिए भी निकालें। अभियान में लाखों कैंप लगेंगे। आज से ही बड़ी संख्या में जांच शुरू हो गई हैं। कोई मां-बेटी जांच से छूट न जाए, हम सभी को यह संकल्प लेना होगा।

# स्वच्छता के लिए श्रमदान कर 'स्वच्छोत्सव' का किया शुभारंभ

## ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना नागरिकों को स्वच्छता की दिलाई शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के एम.वाय. हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है।





अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एम.वाय.हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे और वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने नागरिकों का आहवान किया कि न तो गंदगी करें और न होने दें। 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के लॉंचिंग लोगो का विमोचन भी किया। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे- मोबाइल, चार्जर, पंखे, कंप्यूटर पार्ट्स, बैटरी, टीवी, रिमोट इत्यादि जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर लगातार जारी रहने वाला विशेष अभियान है। अभियान के आगामी चरणों में नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स रखे जाएंगे, जहाँ नागरिक अपने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कर सकेंगे। साथ ही नगर निगम द्वारा घर- घर से भी वेस्ट कलेक्शन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अभियान में अपने घर, दुकान एवं कार्यालयों से निकलने वाले पुराने एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निर्धारित स्थानों पर ही जमा करें। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, विधायक गोलू शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।

निगमायुक्त बोले -

# खाली प्लाट पर कचरा मिला तो प्लाट मालिक पर होगी चालानी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार को निगमायुक्त शहर के बगीचों की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। अलग-अलग बगीचों में सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने शहर के सभी बगीचों की सफाई के लिए शेड्यूल बनाने को कहा। साथ ही कहा कि हर बगीचे की हर 10 दिन में सफाई हो ऐसी व्यवस्था तय की जाए।**



निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने पलासिया चौराहा, साकेत नगर, श्रीनगर एक्सटेंशन और खजराना चौराहे सहित अन्य जगह की सफाई व्यवस्था को देखा। पलासिया चौराहे स्थिति तिलक गार्डन, साकेत नगर में बने गार्डन की सफाई व्यवस्था भी देखी। जिसके बाद उन्होंने शेड्यूल बनाने और हर 10 दिनों में बगीचों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को बोला। सफाई व्यवस्था देखने के दौरान निगमायुक्त को श्रीनगर एक्सटेंशन में खाली प्लॉट पर कचरा पड़ा मिला। जिसे देख वे नाखुश हो गए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर से ऐसे सभी खाली प्लॉट मालिकों की जानकारी राजस्व शाखा से निकालकर लिस्टिंग करे, ताकि खाली प्लॉट पर कचरा पड़ा होने पर संबंधित प्लॉट मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा सके। इसके पहले निगमायुक्त ने सीएम के कार्यक्रम स्थलों का भी दौरा किया था। बता दें कि शहर के खाली प्लॉट और ओपन प्लॉट पर बड़ी मात्रा में कचरा और गंदगी पाई जाती है, ऐसे में कचरा और गंदगी करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई प्लॉट मालिकों की जानकारी के अभाव में नहीं हो पाती है। देखा जाए तो अब लिस्टिंग के बाद ऐसे प्लॉट मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी, जिनके खाली प्लॉट पर टीम को कचरा मिलेगा।

## बकाया बिलों के चलते 12 से ज्यादा बिल्डिंग की बिजली काटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की विधानसभा-4 के दिग्विजय नगर में बिजली विभाग ने बकाया बिलों के चलते 12 से ज्यादा बिल्डिंग की बिजली काट दी। इस कार्रवाई से नाराज रहवासियों ने राजेंद्र नगर और द्वारकापुरी के बीच सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। विभाग का कहना है कि बिल का भुगतान न होने पर कार्रवाई की गई है।**

बिजली कंपनी के अनुसार दिग्विजय नगर की इन बिल्डिंगों में रहने वाले अधिकांश परिवारों ने पिछले एक साल से ज्यादा समय से बिलों का भुगतान नहीं किया था। विभाग की ओर से कई बार नोटिस और अपील करने के बाद भी जब पैसा नहीं जमा हुआ तो बिजली काट दी गई। चक्काजाम में शामिल हुए रहवासियों का कहना था कि कई लोग यहां से फ्लैट खाली कर जा चुके हैं और उनके बकाया बिल भी वर्तमान में रह रहे लोगों से वसूले जा रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि बिजली कर्मचारी कह रहे हैं- चाहे बिल पुराने रहवासियों का हो या नए का, अब भुगतान वर्तमान में रहने वालों को करना होगा। जहां बिजली काटी गई, वह कॉलोनी नगर निगम द्वारा बनाई गई है, जिसमें विस्थापितों को बसाया गया है। यहां करीब 1200 से ज्यादा परिवार रहते हैं। सूत्रों की मानें तो विभाग पिछले पांच महीने से लगातार नोटिस भेज रहा था, लेकिन भुगतान नहीं होने पर अब कार्रवाई की गई।

## मोबाइल लूटेरा पब्लिक-पुलिस की मदद से पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आजाद नगर इलाके में मंगलवार देर शाम एक होटल रिसेप्शनिस्ट का मोबाइल छीनकर बाइक सवार आरोपी फरार हो गया। शोर मचाने पर आसपास के कुछ लोग बाइक से उसके पीछे लग गए। इसी बीच पुलिस की एफआरवी वैन भी मौके पर पहुंच गई। लोगों ने आरोपी को बाइक समेत पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आजाद नगर पुलिस ने होटल रिसेप्शनिस्ट ऋषभ यादव की शिकायत पर सोहेल खान के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। ऋषभ, जो बाबूलाल नगर में रहता है, मंगलवार शाम करीब 5 बजे मूसाखेड़ी सर्विस रोड स्थित होटल की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह मोबाइल पर बात कर रहा था कि तभी बाइक (MP09 ZL 6250) पर आए सोहेल खान ने उसके हाथ से फोन झपट लिया और फरार हो गया। ऋषभ की मदद की पुकार सुनकर आसपास के बाइक सवार लोगों ने आरोपी का पीछा किया और तीन ईमली ब्रिज के पास उसे पकड़ लिया। इस दौरान भीड़ ने सोहेल की पिटाई भी कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस की एफआरवी वैन ने आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। रात में पुलिस ने ऋषभ की शिकायत पर सोहेल को आरोपी बनाया है।

ऑटो पार्किंग से व्यापारी परेशान

## एसोसिशन ने पुलिस को दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्य क्षेत्र के व्यापारी फुटपाथ पर कब्जे और अवैध ऑटो पार्किंग के कारण परेशान है। इस परेशानी की जानकारी एसोसिएशन ने पुलिस अधिकारियों को दी है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही इस मामले में बैठक कर निराकरण करने का आश्वासन एसोसिएशन को दिया है।

आगामी त्योहारों पर मध्य क्षेत्र के बाजार राजबाड़ा, गोपाल मंदिर, सराफा, खजूरी बाजार, बर्तन बाजार, सीतलामाता बाजार सहित करीब दो दर्जन से ज्यादा बाजारों में लगभग 3 हजार से ज्यादा व्यवसायिक संस्थान अपने-अपने बाजार में फुटपाथ पर कब्जे और अवैध ऑटो पार्किंग की वजह से परेशान है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि सुगमता के अभाव में ग्राहक परंपरागत दुकानों तक जाने के बजाय दूसरे ऑप्शन पर डायवर्ड हो जाता है, जिससे व्यापारी परेशान है। अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी ट्रैफिक पुलिस सहित संबंधित थाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी दी है। इसके साथ ही इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा भी की है।



## आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को पोषण आहार के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सेवा पखवाड़े के तहत एमवाय हॉस्पिटल में आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को पोषण आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोषण आहार संबंधी जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया द्वारा पोषण आहार संबंधी तथा कुपोषण, रक्ताल्पता, मधुमेह, आदि से संबंधित जानकारी गर्भवती, धात्री महिलाओं को दी। साथ ही सप्तधातु पोषण आहार की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र भालसे ,डॉ. वंदना साहू, डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा भोजन में विरुद्ध आहार की जानकारी देकर कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. रागिनी शिवहरे, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता जैन, डॉ. पुष्पा गोथवाल, डॉ. सीमा आर्य, डॉ. महेश कुमार पोरवाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर देवारण्य योजना के तहत औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। प्रदर्शनी में औषधीय पौधों के गुण एवं



उपयोगिता के बारे में उपस्थित आम नागरिकों को जानकारी दी गयी। औषधीय पौधों के गुण बताकर उपस्थित आम नागरिकों को पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश पाटील, डॉ. स्वाति गुप्ता, डॉ. शाहिद शेख उपस्थित थे।

## रेस्टोरेंट कर्मचारी ने युवती से सड़क पर की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने 31 साल की एक शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में एफआईआर की है। महिला ने मारपीट को लेकर दोपहर में ही आरोपी पर हीरानगर थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद आरोपी पीछा करते हुए सरवटे बस स्टैंड पर आया और यहां महिला से मारपीट कर उसके डॉक्यूमेंट छीन लिए।**

रावजी बाजार पुलिस ने श्रीराम कॉलोनी उज्जैन में रहने वाली महिला की शिकायत पर नरेश पुत्र राजेंद्र वर्मा निवासी बलाई मोहल्ला इंदौर के खिलाफ एफआईआर की है। पीड़िता ने बताया कि वह एक रेस्टोरेंट में काम करती है। नरेश उसे मोबाइल पर कॉल और मैसेज कर परेशान कर रहा था। वह उज्जैन से इंदौर शिकायत के लिए पहुंची। नरेश ने पहले हीरानगर इलाके में मारपीट की। थाने में उसके खिलाफ रात को शिकायत की। इसके बाद सरवटे बस स्टैंड तरफ पहुंची तो हाथीपाला चौराहे के पास आरोपी कार से आया और आगे कार खड़ी कर रास्ता रोका। इसके बाद उसने कहा कि तुमने बात करना बंद कर दी। अब जीने नहीं दूंगा। इसके बाद आरोपी ने मारपीट कर दी। अपशब्द कहने लगा। उसने बैग छीन लिया। बैग में आधार कार्ड,वोटर कार्ड, एफआइआर की कॉपी थी।

# पीएम मित्र पार्क से बढ़ेगी मध्यप्रदेश की साख : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले मध्यप्रदेश की धरती पर आए और धार-निमाड़ के जनजाति अंचल को देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क की सौगात दी। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश और सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री डा.यादव ने कहा कि धार का पीएम मित्र पार्क निमाड़ के किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ प्रदेश के कॉटन उद्योग को विश्व के परिदृश्य में विशेष साख प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव आज खजराना गणेश मंदिर परिसर में सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री श्री**



**नरेंद्र मोदी के जीवन के 75 सफल वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजराना सिद्ध गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और रक्तदानियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, बैतूल विधायक श्री हेमन्त खंडेलवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, श्री हितानंद शर्मा, सांसद श्री शंकर लालवानी तथा सुश्री कविता पाटीदार, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, सुश्री ऊषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा तथा श्री मनोज पटेल, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**प्रदर्शनी का विवरणः** 'प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी- सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा 75 वर्ष' शीर्षक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाया गया। बाल नरेंद्र की महापुरुषों के जीवन से ली प्रेरणा के साथ प्रदर्शनी में एकता यात्रा और आपातकाल के खिलाफ प्रतिरोध के साथ श्री मोदी के नेतृत्व की शुरुआत दिखाई गई। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए श्री मोदी के विकास के गुजरात माडल को दर्शाया गया। प्रधानमंत्री की भूमिका में श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, वोकल फॉर लोकल, उद्यमशील भारत और डिजिटल भारत के संकल्प भी प्रदर्शित किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अनुच्छेद 370 निरस्तीकरण, कृषि क्रांति, अंतरिक्ष अन्वेषण, वैश्विक कूटनीति, सुशासन, यूथ इंगेजमेंट, योग, स्वास्थ्य और पोषण, उज्वला जैसी पहलों को प्रदर्शित किया गया। 'विरासत का जश्न' अंतर्गत श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, केदारनाथ धाम और श्रीमहाकाल महालोक के लोकार्पण में प्रधानमंत्री श्री मोदी के योगदान को दर्शाया गया। प्रदर्शनी में उरी सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक प्रधानमंत्री श्री मोदी का सफल सैन्य नेतृत्व भी दिखाया गया है। स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के योगदान को जनता के बीच प्रचारित करने में प्रधानमंत्री श्री मोदी की भूमिका भी प्रदर्शित की गई।

# गरबा सीखने जा रही



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में 21 वर्षीय छात्रा ने एक युवक के खिलाफ शादी और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा का आरोप है कि युवक ने ऐसा न करने पर उस पर एसिड फेंकने और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अपने भाई के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने बताया कि आरोपी मुकीम खान उस पर लगातार शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। जब छात्रा ने इनकार किया, तो आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, मुकीम ने कहा, 'शादी तो करनी पड़ेगी। ऐसा नहीं करने पर परिवार को भेड़-बकरी की तरह खत्म कर दूंगा और तुझ पर तेजाब फेंककर मार डालूंगा।' पुलिस को दिए अपने बयान में छात्रा ने बताया कि उसकी पहचान आरोपी से इसी साल अप्रैल 2025 में एक प्रैक्टिकल परीक्षा के दौरान हुई थी। इसके बाद मुकीम ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और इंस्टाग्राम पर बातें करने लगा। कुछ समय बाद ही उसने छात्रा से अपने प्यार का इजहार करते हुए शादी करने और घर से भाग जाने के लिए कहा, जिससे छात्रा ने साफ इनकार कर दिया। छात्रा के मुताबिक, जब उसने आरोपी का फोन उठाना बंद कर दिया, तो सोमवार शाम करीब 5 बजे जब वह गरबा प्रैक्टिस के लिए जा रही थी, तब मुकीम ने उसका रास्ता रोक लिया। उसने फिर से शादी के लिए दबाव बनाया। जब छात्रा ने समुदाय अलग होने की बात कही, तो आरोपी ने उस पर धर्म बदलने का दबाव डाला और शादी न करने पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। इस घटना से घबराई छात्रा ने घर पहुंचकर अपने भाई को सारी बात बताई, जिसके बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया। एडिशनल डीसीपी जोन 2, अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी मुकीम खान के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायत मिलने के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक ड्राइवर-हेल्पर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 15 लोगों को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर गुलशेर खान और हेल्पर शंकर को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। दोनों का पांच दिन का रिमांड मांगा। इसे मंजूर करते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को 21 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब पुलिस दोनों से विस्तृत पूछताछ करेगी।**



एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि गुलशेर और शंकर को सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश किया गया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए कड़ी सुरक्षा रखी गई। दरअसल, कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और वकील दोनों आरोपियों के कोर्ट पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। आशंका थी कि वे गुलशेर और शंकर की पिटाई कर सकते हैं। इसके मद्देनजर दोनों को दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच अदालत लाने की बात प्रचारित की गई थी। दरअसल, इंदौर में सोमवार शाम को बेकाबू ट्रक ने 15 लोगों और वाहनों को टक्कर मारी थी। शहर के एयरपोर्ट रोड पर इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया था। 12 घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदौर पुलिस के मुताबिक, 48 साल का गुलशेर पिता शमशेर खान धार के धरमपुरी का रहने वाला है। उस पर पहले से 3 अपराध दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और पशु के साथ अप्राकृतिक कृत्य का मामला शामिल है। वह शराब पीने का आदी है। गुलशेर को किसी अपराध में सजा हुई या कोई केस कोर्ट में विचाराधीन है, इसकी जानकारी निकाली जा रही है। हेल्पर शंकर ठाकुर भी धरमपुरी का ही रहने वाला है।

# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सेवा पखवाडे के अंतर्गत आज बुधवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर श्री अटल बिहारी बाजपेई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम से वृहद स्तर पर इण्डो शाइन ग्रुप के सहयोग से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में जिले की विभिन्न दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के बडी संख्या में दिव्यांगजनों को स्कूल एवं कॉलेजों की बसों के द्वारा लाया गया। कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री गोलू शुक्ला विधायक, श्री टीनू जैन, सुश्री प्रिया पटेल वर्मा संयुक्त कलेक्टर,ब्लाइण्ड भारतीय क्रिकेट टीम के श्री सोनू गोलकर, श्री मीररंजन नेगी हॉकी खिलाडी, श्री वीरेन्द्र जैन आयकर अधिकारी,आर्ट एण्ड कॉमर्स कॉलेज की प्राचार्य, डिप्टी रेंजर के साथ-साथ इण्डो शाइन ग्रुप के संस्थापक श्री मलय दीक्षित, सुश्री शिवानी गर्ग सहित टीम के अन्य सदस्यों द्वारा उपस्थित रहकर पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जिस शराब दुकान का हुआ था विरोध, वही से गुलशेर शराब पीकर ट्रक पर हुआ था सवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के एरोड्रम रोड को वीआईपी रोड कहा जाता है। विमानतल होने के कारण आए दिन इस रोड पर वीआईपी मूवमेंट रहता है। इसका ट्रैफिक कम करने के लिए वीआईपी रोड टू भी बनाया गया, लेकिन एरोड्रम रोड पर कई अव्यवस्थाएं भी है।**

इस मार्ग पर दो किलोमीटर के दायरे में तीन शराब दुकानें है। गांधी नगर की शराब दुकान ही हादसे की वजह बनी। उस दुकान से ड्रायवर गुलशेर ने शराब पी थी। इसके बाद वह ट्रक पर सवार हुआ और तीन लोगों की जानें ले ली और पंद्रह से ज्यादा लोगों को घायल कर दिया। एरोड्रम रोड एक नंबर विधानसभा क्षेत्र में आता है। जहां के विधायक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय है। एक बार वे खुद इस सड़क पर शराब दुकानों का मुद्दा मंच से सार्वजनिक तौर पर उठा चुके है। उन्होंने व्यापारियों से भी कहा था कि यह सड़क काफी चौड़ी है, लेकिन एक लेन पर व्यापारी अतिक्रमण कर लेते है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने बताया कि आमतौर पर चालकों के रक्त में अल्कोहल की अधिकतम सीमा 0.03 प्रतिशत होती है यानी प्रति 100 मिलीलीटर रक्त में 30 मिलीग्राम अल्कोहल,जबकि इस दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक के रक्त में प्रति 100 मिलीलीटर रक्त में 200 मिलीग्राम से ज्यादा अल्कोहल पाया गया। ड्रायवर गुलशेर के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) और 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के साथ-साथ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 (शराब के नशे में वाहन चलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धार में किया पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महा-अभियान सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ

# गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी पूजा, मेरा प्रण : प्रधानमंत्री श्री मोदी

◆ म.प्र. लिख रहा विकास की नई इबारत, धार का पीएम मित्र पार्क अन्य राज्यों के लिए बनेगा नज़ीर

◆ देवी अहिल्या बाई की परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाएगा धार का पीएम मित्र पार्क

◆ प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियाँ कल्पनातीत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। धार की धरती पर बनने वाले देश के पहले और सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क से देश की अर्थव्यवस्था को नया आधार मिलेगा। यह पार्क पूरे मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देगा और यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत भी लिखेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफार्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने कहा कि हम देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टेक्सटाईल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा।**




प्रधानमंत्री श्री मोदी बुधवार को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया साथ ही राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' महाअभियान, आठवें 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ कर 'सुमन सखी चैटबॉट' को लॉंच किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रूपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को 1 करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर उपस्थित रहीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ाना चाहिए। इसी से हमारे किसानों, काश्तकारों और श्रमिकों के जीवन में समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी को ही आजादी का हथियार बनाया था। अब हमें इसे विकसित भारत का आधार बनाना है। इसलिए हम छोटी-बड़ी जो भी चीजें खरीदें, सबसे पहले देखें कि क्या यह देश में बनी है या नहीं। देश का पैसा देश में रहेगा, तो विकास को नई गति मिलेगी। यही पैसा देश के विकास और गरीब कल्याण की योजनाओं में काम आता है। देश के मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए बहुत धन की जरूरत है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीबों के जीवन में सुख-सुविधा और सम्मान दिया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं। जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी, वह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई। देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने भारत की काया पलट दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री श्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत की ताकत दुनिया देख रही है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की सशक्त विदेश नीति और सक्रिय कूटनीतिक प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में भारत ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। सर्जिकल स्ट्राइक और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस ने विश्व का परिचय नए भारत से कराया है। भारत अगर बहनों के स्वाभिमान के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सख्त कार्रवाई करता है, तो यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के सामर्थ्य से ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में श्रीरामलला भव्य मंदिर में विराजित हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में देश का सबसे ऊंचा ब्रिज बना है। आजादी के 78 साल बाद मिजोरम में ट्रेन पहुंची है। यूपीआई पूरी दुनिया को हैरान करता है। गरीबों के जीवन में सुख, सुविधा और सम्मान लौटा है।

## उज्जैन में रावण दहन के विरोध में पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। इस बार 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा, लेकिन उससे पहले ही उज्जैन के कई इलाकों में रावण दहन के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने रावण दहन का विरोध करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। परशुराम मंदिर में अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज की बैठक हुई, जिसमें देशभर में रावण दहन का विरोध करने का फैसला लिया गया। महाकाल सेना ने खासतौर पर ब्राह्मणों से अपील की है कि वे रावण दहन जैसे आयोजनों में हिस्सा ना लें। महाकाल सेना के संरक्षक महेश पुजारी ने कहा- इतिहास या रामायण में कहीं भी रावण दहन का उल्लेख नहीं है। यह परंपरा अब मनोरंजन और राजनीति का साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि, जो वास्तव में राम की तरह हैं, वही रावण दहन करें।**



अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज द्वारा रामघाट, गुदरी चौराहे और महाकाल घाटी के पास ये पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में सवाल उठाया गया है कि आखिर रावण का दहन क्यों किया जाए और क्यों न इस परंपरा को बंद कर दिया जाए।

बता दें, पिछले साल भी महाकाल सेना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रावण दहन पर रोक लगाने की मांग की थी। दोनों संगठनों ने रावण दहन करने वाली समितियों से कई प्रश्नों का शास्त्र सम्मत उत्तर देने की मांग की है। उत्तर नहीं मिलने पर रावण दहन बंद करने की अपील की है।

## मध्यप्रदेश के 13 जिलों में हुई बारिश

### रीवा-सतना में पौने 2 इंच गिरा पानी, कई जिलों में खिली धूप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश अलग-अलग मौसम देखने को मिल रहा है कहीं बारिश तो कहीं धूप खिल रही है। बुधवार को प्रदेश के 13 जिलों में बारिश हुई। रीवा और सतना में सबसे ज्यादा पौने 2 इंच बारिश हो गई। टीकमगढ़ में सवा इंच, सतना में पौन इंच, और छिंदवाड़ा में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। भोपाल, ग्वालियर, पचमढ़ी, खजुराहो, नौगांव, सीधी, नर्मदापुरम, शाजापुर, पांढुर्णा, डिंडौरी समेत अन्य जिलों में भी बारिश दर्ज की गई। वहीं, कई जिलों में तेज धूप भी खिली रही**

इसलिए ऐसा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मध्यप्रदेश के आसपास तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है, लेकिन इनका प्रदेश में असर कम है। अगले 3 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन कई बार लोकल सिस्टम की वजह से बारिश की झड़ी लग सकती है। पिछले एक सप्ताह से ऐसा ही हो रहा है। लोकल सिस्टम की एक्टिविटी होने से बारिश हो जाती है। भोपाल, रायसेन में भी पानी गिरा है।

**30 सितम्बर से लौटेगा मानसून-** मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश में मानसून की वापसी 30 सितम्बर से शुरू होगी। हालांकि कई राज्य में मानसून की वापसी भी होने लगी है। आधे राजस्थान से मानसून लौट चुका है। वहीं, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई जिलों से भी मानसून लौटा है। यदि वापसी की यही रफ्तार रही तो एमपी के भी कई जिलों में ऐसी स्थिति बन सकती है।

◆ मध्य प्रदेश में अब तक 42.4 इंच बारिश

प्रदेश में अब तक औसत 42.4 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 35.4 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 7 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है। इस सीजन में इंदौर और उज्जैन संभाग की स्थिति ठीक नहीं है। यहां सबसे कम पानी गिरा है। सबसे कम बारिश वाले टॉप-5 जिलों में बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा खरगोन और शाजापुर शामिल हैं। जबकि जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में तेज बारिश हुई है। यहां बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहे। छतरपुर, मंडला, टीकमगढ़, उमरिया समेत कई जिलों में बाढ़ आ गई ग्वालियर-चंबल में भी मानसून जमकर बरसा है। यहां के सभी 8 जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है।

## संपादकीय

# नए मतपत्रों में उम्मीदवारों की होंगी रंगीन तस्वीरें

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बिहार चुनाव से एक और बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है, इसके तहत ईवीएम में उम्मीदवार के लगने वाले फोटो अब कलर लगेंगे। चुनाव आयोग ने बुधवार को चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत ईवीएम मतपत्रों की डिजाइनिंग और छपाई के दिशानिर्देशों को संशोधित किया ताकि उन्हें अधिक पठनीय और मतदाता-अनुकूल बनाया जा सके। उन्नत मतपत्र आगामी चुनावों में जारी किए जाएंगे, जिसकी शुरुआत बिहार से होगी। ईसीआई के अनुसार, नए मतपत्रों में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी, जिसमें बेहतर दृश्यता के लिए आवंटित स्थान का तीन-चौथाई हिस्सा चेहरे के लिए समर्पित होगा। ईसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल चुनाव प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए पिछले छह महीनों में शुरू किए गए 28 उपायों का हिस्सा है। आयोग ने उम्मीदवारों के सीरियल नंबर और नोटा विकल्प को अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी निर्णय लिया है। इन्हें भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रुप में मुद्रित किया जाएगा विधानसभा चुनावों के लिए, निर्दिष्ट आरजीबी मान वाले गुलाबी रंग के कागज का उपयोग किया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार से शुरु हो रहे इन सुधारों को जल्द ही पूरे भारत में लागू किया जाएगा। जिससे देशभर में चुनावों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार होगा। बता दें कि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते आ रहे हैं। राहुल गांधी तो डायरेक्ट चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने इस मामले में स्पष्टीकरण दे दिया है।

## OSHO कहिन

"प्रकृति के साथ तालमेल बनाओ, तभी तुम अपनी असली आत्मा को पा सकते हो।"



## धर्म-कर्म

# साल का अंतिम सूर्यग्रहण लग रहा सर्वपितृ अमावस्या को?

**जानें तारीख और सूतक का समय**



साल का अंतिम सूर्यग्रहण जल्द ही लगने जा रहा है। यह ग्रहण पितृपक्ष के आखिरी दिन यानी सर्वपितृ अमावस्या पर लगेगा और पितरों की विदाई ग्रहण काल में की जाएगी। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य ग्रहण का विशेष महत्व बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार, सूर्य को राहु ग्रहण लगाता है। लेकिन, क्या यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। क्या इसका सूतक काल भारत में भी मान्य होगा। आइए जानते हैं कब लगेगा साल का अंतिम सूर्यग्रहण साथ ही जानें सूतक काल का समय और ग्रहण से जुड़ी सारी महत्वपूर्ण जानकारी।

### कब लग रहा है साल 2025 का अंतिम सूर्यग्रहण ?

साल का आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर की रात को लगेगा। इसी दिन सर्वपितृ अमावस्या भी है। भारतीय समयानुसार, ग्रहण रात में 10 बजकर 59 मिनट से मध्यरात्रि 3 बजकर 23 मिनट तक का समय है। हालांकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। बता दें कि साल का अंतिम ग्रहण कन्या राशि में लगेगा। सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पहले लग जाता है। ऐसे में भारतीय समय अनुसार, सुबह में 10 बजकर 59 मिनट पर ग्रहण का सूतक काल आरंभ हो जाएगा। साथ ही यह खंडग्रास सूर्यग्रहण होगा जिसमें सूर्य का कुछ ही हिस्सा ढक जाता है। इसे आंशिक सूर्यग्रहण कहा जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि, यह ग्रहण भारत में अदृश्य रहेगा तो इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### सूर्य ग्रहण 2025 का समय

ग्रहण प्रारंभ रात में 10 बजकर 59 मिनट पर (भारत के समयानुसार)

ग्रहण का मध्य 1 बजकर 59 मिनट पर (भारत के समयानुसार)

ग्रहण समाप्त रात में रात में 3 बजकर 23 मिनट पर।

### कहां कहां दिखाई देगा सूर्यग्रहण 2025

1) होबार्ट (Hobart Australia)सुबह में 6 बजकर 3 मिनट पर (ऑस्ट्रेलिया समय अनुसार)
2) न्यू कैसल (New Castle Australia) सुबह में 5 बजकर 45 मिनट पर
3) सिडनी सुबह में 5 बजकर 48 मिनट पर
4) सुवा (Suva) सुबह में 7 बजकर 558 मिनट पर
5) ऑकलैंड (Auckland New Zealand) सुबह में 6 बजकर 13 मिनट पर
6) वेलिंगटन (Wellington New Zealand) सुबह में 6 बजकर 14 मिनट पर

**(सभी समय स्थानीय अनुसार बताए गए हैं)**

### क्या सूर्यग्रहण पर कर सकते हैं पितरों का तर्पण ?

21 तारीख को लगने जा रहे सूर्यग्रहण के दिन सर्वपितृ अमावस्या भी है ऐसे में बहुत से लोगों के मन में सवाल होगा की इस दिन क्या पितरों का तर्पण और श्राद्ध कर्म आदि कार्य किए जाएंगे? बता दें कि भारत में सूर्यग्रहण अदृश्य है इसलिए इसका प्रभाव भी यहां नहीं होंगा तो श्राद्ध और तर्पण आदि का कार्य आप सामान्य रूप से कर सकते हैं।

Thiruvananthapuram

# केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा का कहर, अब तक 19 की मौत, क्या है ये दुर्लभ बीमारी?

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** केरल में दुर्लभ और घातक मस्तिष्क संक्रमण 'अमीबिक मेनिन्जोएन्सेफलाइटिस' से मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, राज्य में अब तक इस बीमारी की वजह से 19 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से कई मौतें पिछले कुछ हफ्तों के भीतर हुई हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य अधिकारी प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (PAM) के मामलों में वृद्धि के बाद सतर्क हो गए हैं।

यह एक मस्तिष्क संक्रमण है जिसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। यह संक्रमण नेग्लेरिया फाउलेरी के कारण होता



है, जिसे आमतौर पर 'दिमाग खाने वाला अमीबा' कहा जाता है। इस वर्ष, केरल में इस दुर्लभ बीमारी के 61 मामले पुष्ट हो चुके हैं। इनमें 19 मरीजों की मौत हो चुकी है। यह एक दुर्लभ बीमारी है जो आमतौर पर अमीबा युक्त तालाब में नहाने वाले 26 लाख लोगों में से केवल एक को ही संक्रमित करती है। केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि जुलाई से ''मस्तिष्क ज्वर'' के मामलों में वृद्धि को देखते हुए राज्य के उत्तरी ज़िलों में कुओं और तालाबों के क्लोरीनीकरण सहित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा है कि केरल एक गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती से जूझ रहा है। पहले कोझिकोड और मलप्पुरम जैसे ज़िलों में क्लस्टर से जुड़े संक्रमण अब पूरे राज्य में छिटपुट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

Uttarakhand

## उत्तराखंड के चमोली में बादल फटने से भारी तबाही, 6 घर तबाह, 3 लोग लापता



**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चमोली में बुधवार देर रात दो जगह- कुंतरी और धुर्मा गांव में बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई है. हादसे में पांच लोगों को लापता होने की जानकारी सामने आ रही है, जिनमें से 2 लोगों को रेस्क्यू टीम ने बचा लिया है और तीन लोगों की तलाश अभी जारी है.वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर मेडिकल टीम,एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पहुंच गई हैं.

शुरुआती जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड कुंतरी लगाफाली में भारी बारिश के कारण मलबा आने से 6 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं. इस भीषण आपदा में 5 लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि 2 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है. इसके बाद धुर्मा गांव में भी बादल फटने की जानकारी मिली, जहां 5 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं. जांच में मवेशियों के नुकसान की भी बात सामने आई है.

स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें तत्काल राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं. राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम नंदप्रयाग पहुंच चुकी है और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी गोचर से नंदप्रयाग के लिए रवाना हो गई है.

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने बताया कि मेडिकल टीम के साथ-साथ तीन 108 एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर भेज दी गई हैं, ताकि घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके.

Chhattisgarh

## फ्री में शराब मांगने से परेशान होकर पिलाया जहर

**जांजगीर-चांपा, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में फ्री में शराब मांगने पर दुकानदार ने सुहागा (बोरैक्स) पिलाकर 2 युवकों को मार डाला। शराब पीने के आधे घंटे के अंदर दोनों युवकों की मौत हो गई थी। सभी को लगा कि जहरीली शराब पीने के कारण मौत हुई है। लेकिन पुलिस की जांच में पता चला कि ये सोची-समझी साजिश थी।**

मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही का है। पुलिस ने मंगलवार को 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी भोला टंडन उर्फ सुरेंद्र (25) गांव में अवैध तरीके से शराब बेचता था। दोनों युवक रोज उसके पास जाकर फ्री में शराब मांगते थे, नहीं देने पर पुलिस को बताने की धमकी देते थे। इससे परेशान होकर भोला ने चचेरे भाई अनिल टंडन (35) से सुहागा मंगाया। अनिल सुनार के पास गया और खुद को बैगा बताकर सुहागा लिया। सुहागा मेटल जोड़ने के काम आता है। आरोपियों को पता था कि इसे शराब में मिलाने पर केमिकल रिएक्शन होता है। जिससे यह जहर का काम करता है।

Maharashtra

## मरा मानकर परिवार ने किया अंतिम संस्कार, 36 साल बाद लौटी महिला

**नागपुर, (एजेंसी)** एक हृदयविदारक कहानी महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आई है। यहां के जैताला क्षेत्र की एक 58 वर्षीय महिला 36 सालों बाद अपने घर लौट आई। इस महिला को मृत मान लिया गया था। वह अपने परिवार के सामने आई तो हर किसी के आंखों से आंसुओं की धार बह निकली। इस भावुक क्षण के देखने वाले अफसर, गांववाले और दूर-दराज से आए सभी लोग भावुक हो गए।

नैना की यह कहानी 36 साल पहले शुरू हुई, जब वह जैताला से गायब हो गई थी। नैना 1989 में गर्भवती थी। उसे पहले से एक बेटा और एक बेटी थे। वह अपने पति की शराब की लत और अपनी सास की क्रूरता से परेशान होकर घर छोड़कर चली गई थी। उसे परिवार ने ढूंढने के तमाम प्रयास किए लेकिन उसका कुछ



पता नहीं चला। नैना के परिवार ने उसे मृत मान लिया। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। 2018 में नैना के पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के एक सरकारी आश्रय गृह में पाया गया। वह यहां रह रही थी। वह मिश्रित मराठी बोलती थी जिससे उसके महाराष्ट्र में होने का संकेत मिलता था। भागते समय उसने एक और लड़की को जन्म दिया।

खेल

### ICC टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

## इंडिया नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर

**नई दिल्ली। ICC की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है।**




पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने UAE के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सिनेमा

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश मुठभेड़ में ढेर



अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाशों को यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने बुधवार को गाजियाबाद में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। बदमाशों से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल भी बरामद हुई। दोनों गोल्डी बरार और गोदारा गैंग के सदस्य थे। एडिशनल एसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्र ने बताया, 12 सितंबर तड़के करीब 3:45 बजे बरेली में बाइक सवार बदमाशों ने फिल्म अभिनेत्री के घर पर कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाई। घटना के बाद से यूपी पुलिस और एसटीएफ की टीमें बदमाशों को तलाश रही थीं। बुधवार शाम को इनपुट मिला कि दोनों बदमाश किसी बड़ी वारदात की फिराक में गाजियाबाद में दाखिल हुए हैं। इसके बाद नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने बदमाशों की तलाश तेज कर दी। गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र में बदमाशों का टीमों से सामना हो गया। बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इनकी पहचान रोहतक के कहनी निवासी रविंद्र और सोनीपत के गोहना रोड निवासी अरुण के रूप में हुई।

## Highlights

1. Video shows man beating wife in Andhra's Prakasam district
2. Putin greets PM Modi on b'day, lauds his role in boosting ties
3. What is 75-year-old PM Modi's fasting routine?
4. Kangana Ranaut performs havna in Mandi for welfare
5. NASA names feature on deep space asteroid after Narmada Valley
6. Meghalaya CM allocates portfolios to eight new ministers
7. Indian markets shine despite US tariffs: BoB report
8. Andhra's Prakasam district incident 'sadistic pleasure': Villagers
9. Two get injured as lawyers thrash sub-inspector at Varanasi court

# Piyush Goyal to co-chair 13th India-UAE investment meet

**NEW DEIHI, (Agency).** Union commerce minister Piyush Goyal will on Thursday co-chair the 13th India-UAE High Level Task Force on Investments (HLJTFI) along with Sheikh Hamed bin Zayed Al Nahyan, managing director of the Abu Dhabi Investment Authority in Abu Dhabi.

The meeting will review progress on the India-UAE Comprehensive Economic Partnership Agreement (CEPA), the Double Taxation Treaty, and UAE-India Central Bank matters, the commerce ministry said in a statement on Wednesday.

Both sides will also explore opportunities for investment in key sectors, including maritime and space, that hold strong potential for growth. Goyal's two-day UAE visit on September 18-19 will give a boost to trade and investment. During his visit, Goyal will co-chair the UAE-India Business Council (UIBC) roundtable with Dr Thani bin



Ahmed Al Zeyoudi, the UAE's minister of foreign trade, and interact with CEOs of leading Indian and UAE companies. He will also hold bilateral meetings focused on strengthening trade, investment, and cooperation across priority sectors.

The minister is also expected to meet Sheikh Tahnoun bin Zayed Al Nahyan, national security adviser of the UAE and chairman of the International Holding Company (IHC); Ahmed Jasim Al Zaabi, chairman of the Abu Dhabi Department of Economic Development; and Syed Basar Shueb, managing director of IHC, along with other key private sector stakeholders.

The 12th HLJTFI, held in Mumbai in October 2024, saw the ratification of the India-UAE Bilateral Investment Treaty signed during Prime Minister Narendra Modi's visit to the UAE in February 2024. Established in 2013, the HLJTFI has served as a vital platform for promoting trade and investment ties, identifying new opportunities, and resolving investor issues.

# PhonePe, Paytm, Cred shut down rent payment feature after RBI curbs: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India's move to tighten regulations for payment aggregators has prompted some of India's largest fintech firms, including PhonePe, Paytm and Cred, to stop rent payments on their platforms, according to a Moneycontrol report.

Rent payments have become a large-volume business with significant topline impact for fintech firms as users relied on credit cards to pay rent and earn rewards, Moneycontrol quoted industry sources as



saying, but the central bank's new rules prohibit payment aggregators from acting as marketplaces—which previously allowed them to process rent payments.

"Rent payments were basically happening because PA-PG were acting as a marketplace for landlords without merchant KYC," sources told Moneycontrol. "That's no longer permitted."

Meaning, users will no longer be able to use fintech apps to route their rent payments through credit cards and will have to go back to online banking or cheques.

Rent Payments UsCredit Cards

In 2024, HDFC Bank Ltd. told its credit card customers that rent payments using their credit cards on fintech apps would attract 1% fee up to ₹3,000. Following this, ICICI Bank Ltd.

# ट्रैफिक हवलदार रंजीत सिंह पर युवती ने लगाए गंभीर आरोप, वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के मशहूर ट्रैफिक हवलदार रंजीत सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह कुछ और है। राधिका सिंह नामक एक इंस्टाग्राम यूजर ने वीडियो जारी कर उन पर दोस्ती के लिए दबाव बनाने और अनुचित प्रस्ताव देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, रंजीत सिंह ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रसिद्धि पाने का एक हथकंडा बताया है। राधिका सिंह नाम की युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने आरोप लगाया है कि इंदौर के प्रसिद्ध ट्रैफिक सिपाही रंजीत सिंह ने उन्हें दोस्ती करने के लिए संदेश भेजे। युवती के अनुसार, रंजीत ने उन्हें इंदौर आने का न्योता दिया और



यहां तक कि फ्लाइट का टिकट कराने और शहर में ठहरने की व्यवस्था करने की भी पेशकश की। राधिका ने कहा कि उन्हें रंजीत का यह व्यवहार अनुचित लगा और उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

**रंजीत सिंह ने भी अपनी सफाई पेश की-** इन आरोपों पर ट्रैफिक हवलदार रंजीत सिंह ने भी अपनी सफाई पेश की है। उनका कहना है कि यह बातचीत कई महीने पुरानी है और युवती अब मशहूर होने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। रंजीत ने दावा किया कि वास्तव में युवती ने ही उनके साथ वीडियो बनाने की इच्छा जाहिर की थी और इसके लिए इंदौर आने की बात कही थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवती ने अपनी तरफ से चैट के कुछ हिस्से डिलीट कर दिए हैं ताकि पूरी सच्चाई सामने न आ सके। रंजीत ने इसे अपने खिलाफ एक साजिश करार दिया है। इस पूरे मामले में दोनों पक्षों की ओर से सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तो जारी है, लेकिन अभी तक किसी ने भी पुलिस में आधिकारिक तौर पर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। फिलहाल यह मामला केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित है।

## डॉक्टरों को एक-एक साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में जिला कोर्ट ने 2 डॉक्टरों को प्री कंसेप्शन एंड प्री नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक एक्ट (PCPNDT) के उल्लंघन करने के मामले में एक-एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। मामला 14 साल पुराना है। इसमें अखबारों की खबरों के आधार पर जिला प्रशासन ने जांच कराई थी। घोषणापत्र पर न तो गर्भवती महिला के हस्ताक्षर थे। न ही इस गंभीर एक्ट के पालन के फॉर्म पर दोनों जिम्मेदार डॉक्टरों के हस्ताक्षर किए थे। इसके सहित कई गड़बड़ियां पाई गई। इस पर जिला प्रशासन ने स्नेह नगर स्थित आइडियल मेडिकल सेंटर (सोनोग्राफी सेंटर) के 2 डॉक्टरों के खिलाफ कोर्ट की शरण ली थी। 14 साल बाद जिला कोर्ट ने दोनों डॉक्टरों को दोषी पाया। आरोपियों के नाम डॉ. राजू प्रेमचंदानी (62) निवासी निवास सर्वोदय नगर और डॉ. अजय मोदी (63) निवासी केसरबाग हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक